प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुकेश अग्निहोत्री

प्रदेश सहकारी समिति और हिमकोफैड के संयुक्त तत्वावधान में शिमला के समीप मशोबरा में आज सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है विषय पर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करने के लिए नये कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन में जिन मुद्दों और सुझावों पर चर्चा होगी उन्ही के मुताबिक नये कानून और रणनीतियां बनेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए नये कानून प्रस्तावों को विधानसभा में पारित करवाया जाएगा। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं मुकेश अग्निहोत्री ने इस सम्मेलन में हिम फैड, वूल फैड और मिल्क फैड जैसे संघो के न आने पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को इनके खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग में खाली करीब नौ सौ पदों को भरने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। इस सम्मेलन में प्रदेश भर की पांच हजार 2 सौ 76 सहकारी समितियों के करीब 3 सौ प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

समिति

पौंग बांध विस्थापितों के राहत व पुनर्वास के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने आज शिमला में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को अपनी रिपोर्ट सौंपी। समिति ने रिपोर्ट में 6 हजार 7 सौ 36 परिवारों को भूमि आवंटन की सिफारिश की है। इसके अलावा अधोसंरचना संबंधित समस्याओं और अन्य सुविधाओं के लिए शिकायत निवारण सेल गठित करने का भी सुझाव दिया है। समिति ने 25 से 27 अक्तूबर, 2024 तक राजस्थान के रामगढ़, जैसलमेर, मोहनगढ़ और नाचना का दौरा कर विस्थापित परिवारों के लिए चिन्हित की गई भूमि का निरीक्षण किया। प्रदेश सरकार द्वारा अगले माह राजस्व विभाग के साथ इस संबंध में मंत्री स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी।

कुलदीप पठानिया

चंबा जिला में सीएसआर से संबंधित कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज चंबा में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को सीएसआर के तहत होने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पठानिया ने बताया कि चंबा जिला में सीएसआर के तहत करीब 22 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने जिला कल्याण समिति के बैठक की भी अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों को ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचाने को कहा ताकि पात्र लोगों को लाभ मिल सके।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में दवाईयां उपलब्ध न होने पर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कड़ी आलोचना की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि प्रदेश की राजधानी में स्थित आईजीएमसी में कैंसर के मरीजों को सरकार दवाईयां उपलब्ध नहीं करवा पा रही है और ओपन हार्ट सर्जरी के मरीज ऑपरेशन बैड से लौटाए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीमार लोगों के साथ न इंसाफी करने के बाद प्रदेश सरकार व उसके मुखिया राज्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य व्यवस्था करने के दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आईजीएमसी आने वाले मरीजों को सामान्य जांच किट और नियमित इस्तेमाल होने वाली दवाईयां न मिलने पर उन्हें बाहर से महंगे दामों पर ये चीजे खरीदनी पड़ती हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के सभी झूठे दावों को बेनकाब करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश के लोगों को उचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए गंभीरता से कार्य करने की सलाह दी है।

जगत नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज शिमला में मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि 13 जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2023 तक मंत्रिमंडल की कुल 16 बैठकें आयोजित हुई हैं। मंत्रिमंडल की इन बैठकों में 2 सौ 88 निर्णय लिए गए जबकि 2 सौ 73 निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित हो चुके हैं। बैठक में आज शेष 15 निर्णयों को लेकर चर्चा की गई जिनमें वन, सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य, बागवानी, उद्योग, राजस्व, परिवहन, कृषि और कार्मिक विभाग से जुड़े निर्णय शामिल थे।

———————————————————————————